# MODEL SAMPLE QUESTION, 2021

## CLASS – X

## SUBJECT – HINDI – A

**Times : 03 Hrs** **SET – 3** **FULL MARKS – 90**

**पूर्णांक– ९०**

**खण्ड – क (अपठित गद्यांश एवं काव्यांश)**

---

I) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने की दिशा में मनुष्य दो–तीन सौ वर्षों के दौरान इतना अधिक बढ़ चुका है कि अब पीछे हटना असंभव सा लगता है। जिस गतिसे हम विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ते रहे हैं उनमें कोई भी कमी व्यावहारिक नहीं प्रतीत होती, क्योंकि हमारी अर्थ व्यवस्थाएँ और दैनिक आवश्यकताएँ उस गति के साथ जुड़ सी गई है। क्या हमें ज्ञात नहीं कि जिसे हम अपना आहार समझ रहे हैं, वह वस्तुतः हमारा दैनिक विष है जो सामूहिक आत्महत्या की दिशा में हमें लिए जा रहा है।

जंगलों को ही लो! यह एक प्रकट तथ्य है कि विभिन्न देशों की वन–संपत्ति अत्यंत तीव्र गति से क्षीण होती जा रही हैं। भारत के विभिन्न प्रदेशों विशेषकर पूर्वांचल के राज्यों, तराई उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश आदि के जंगल भारी संख्या में काटे जा रहे हैं। खूब अच्छी तरह यह जानते हुए भी कि जंगलों को काटने का मतलब होगा भूमि को अरक्षित करना, बाढ़ों को बढ़ावा देना और मौसम के बदलने में सहायक बनना।

**प्रश्न :– सही विकल्प को चुने :– (4x1)**

1) हमारा दैनिक विष क्या है? 1

(क) तंबाकू सेवन (ख) मदिरा सेवन

(ग) भोज्य पदार्थ (घ) शीतल पेय

2) प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने का काम कौन कर रहा है? 1

(क) मनुष्य (ख) पशु

(ग) आदि मानव (घ) पेड़–पौधे

3) 'क्षीण' शब्द का अर्थ है– 1

(क) बलबान (ख) संतुलन

(ग) छाया (घ) नष्ट

4) जंगलों को काटने का क्या मतलब होगा ? 1

(क) खेत बनाना (ख) भूमि को अरक्षित करना

(ग) फर्नीचर बनाना (घ) रास्ता बनाना

II) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :– (2x1 =2)

5) जिसे हम अपना आहार समझ रहे है, वह हमारा ........ है। 1

6) वन संपदा अत्यंत तीव्र गति से .......... होती जा रही है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :–

7) वन संपदा को नष्ट करने के क्या परिणाम हो सकते हैं ? 2

8) प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने से मनुष्य के जीवन शैली पर क्या प्रभाव पड़ रहा हैं ? 2

III) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

जो बीत गई सो बात गई
जीवन में एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया
अम्बर के आनन को देखो
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है
जो बीत गई सो बात गई

जीवन में वह था एक कुसुम
थे उसपर नित्य निछावर तुम
वह सूख गया तो सूख गया
मधुवन की छाती को देखो
सूखी कितनी इसकी कलियाँ
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ
जो मुरझाई फिर कहाँ खिली
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता है
जो बीत गई सो बात गई।

**प्रश्न :– सही विकल्प को चुनें :– (4x1)**

(अ) 9) उपर्युक्त काव्यांश के अनुसार टूटे तारों पर कौन शोक नहीं मनाता है ? 1

(क) मधुबन (ख) अंबर

(ग) धरती (घ) बगीचा

10) 'कुसुम' का अर्थ क्या होता है ? 1

(क) नदी (ख) बगीचा

(ग) फूल (घ) तारा

11) 'मधुबन' किसका प्रतीक है ? 1

(क) संसार (ख) शहद

(ग) भौंरा (घ) मदिरालय

12) किसके सूखने पर मधुबन शोर नहीं मचाता है ? 1

(क) नदी (ख) प्राण

(ग) फूल (घ) तारे

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति काव्यांश में दिए शब्दों से करें :– (2x1 =2)

13) अंबर के ......... को देखो। 1

14) जीवन में वह था एक .......... जिसपर कवि निछावर थे। 1

(स) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न :– (2x2 =4)

15) सितारे के डूबने पर कवि क्या प्रेरणा देता है ? 2

16) 'कुसुम' किसका प्रतीक है ? कवि उसके मुरझाने पर क्या सोचता है ? 2

**खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

IV) सही विकल्प को चुनें :– (10x1=10)

17) 'जेब से चाकू निकाला।' इस वाक्य में क्रिया पद क्या है? 1

(क) चाकू (ख) से

(ग) निकाला (घ) जेब

18) 'वह पानी पी रहा है।' क्रिया भेद बतावें– 1

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) प्रेरणार्थक (घ) द्विकर्मक

19) 'मनु दिन में सोता है।' इस वाक्य के क्रिया भेद लिखें :– 1

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

20) 'वह मुझे आने के लिए कहता है।' कौन सा वाक्य है? 1

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

21) 'जब वर्षा शुरू हुई, तब मोहन आ गया।' वाक्य किस प्रकार का है? 1

(क) उपवाक्य (ख) संयुक्त

(ग) मिश्र (घ) सरल

22) 'साधु ने आशीर्वाद दिया और गायब हो गया।' कौन सा वाक्य है? 1

(क) मिश्र (ख) उपवाक्य

(ग) आश्रित वाक्य (घ) संयुक्त

23) 'जो विद्यार्थी परिश्रमी होते हैं, वे उन्नति करते है। कैसा वाक्य है? 1

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

24) निम्न में कौन 'जड़' का अनेकार्थी शब्द नहीं है? 1

(क) अचेतन (ख) मूर्ख

(ग) जोड़ (घ) वृक्ष का मूल

25) 'आदि' का सही अर्थ है – 1

(क) अदरख (ख) प्रारंभ

(ग) अनादि (घ) आर्य

26) 'अलि' का कौन सा अर्थ सही नहीं है ? 1

(क) भौरा (ख) कोयल

(ग) सखी (घ) कली

V) रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :– (6x1=6)

27) अच्छे चरित्र .......... जीवन निरर्थक है। 1

28) मुझे रेडियो ........... घड़ी चाहिए। 1

29) मैंने .............. कुछ नहीं किया। 1

30) तुम .......... बाजार जाओ और दवा लेकर आओ। 1

31) मैं उसके विचार से ...... सहमत हूँ। 1

32) भूकंप आया .......... लोग मारे गए। 1

33) अव्यय किसे कहते हैं ? अव्यय के कितने भेद हैं ?
सभी का नाम लिखें। 4

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तकें)

VI) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

फादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करूणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते है जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे। जिसके बड़े फादर बुल्के थे। हमारे हँसी मजाक में वह निर्लिप्त शामिल रहते हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते। मुझे अपना बच्चा और फादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना याद आता है और नीली आँखों की चमक में तैरता वात्सल्य भी जैसे किसी ऊँचाई पर देवदारू की छाया में खड़े हों।

प्रश्न 34) किसको देखने करूणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था ? 1

(क) निर्मल (ख) लेखक

(ग) कामिल बुल्के (घ) परिमल

35) फादर को याद करना कैसा है और क्यों? 2

36) 'परिमल' से आप क्या समझते हैं? 'परिमल' में क्या होता था? 2

37) लेखक को क्या घटना याद आती है? 2

VII) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2X4 = 8

38) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

अथवा

भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की?

39) 'एक कहानी यह भी' में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियार खाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

अथवा

शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

VIII) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-

'हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निशि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यों करुई ककरी।
सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर तिनहिं लै सौपौ' जिसके मन चकरी।।

प्रश्न 40) नंद-नंदन किसे कहा गया है? 1

(क) उद्धत्र को (ख) कृष्ण को

(ग) यशोदा को (घ) नंद को

41) योग की आवश्यकता किसे है और क्यों? 2

42) गोपियाँ अपने हरि की तुलना हारिल की लकड़ी से क्यों करती हैं? 2

43) योग को गोपियाँ किसके समान बताती है? क्यों? 2

IX) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2X4=8

44) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

अथवा

कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर 'गरजने' के लिए कहता है, क्यों ?

45) कवि ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?

अथवा

माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा ?

46) प्रश्न– 'माता का अँचल' पाठ में आए ऐसे प्रसंगों का वर्णन करें जो आपके दिल को छू गए हों ? 5

**अथवा**

कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग–अलग अवसरों की ओर संकेत करता है ?

## खण्ड – घ (रचना लेखन)

47) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखें :– 5

(क) दूरदर्शन का प्रभाव

(भूमिका, लाभ, हानियाँ, निष्कर्ष)

(ख) पर्यावरण प्रदूषण

(भूमिका, प्रदूषण का अर्थ, प्रकार, कारण, दुष्परिणाम, प्रदूषण रोकने के उपाय)

(ग) भारतीय किसान

(सरल जीवन, परिश्रमी, अभाव, दुरवस्था के कारण, निष्कर्ष)

48) प्रश्नः– अपने क्षेत्र में पेड़–पौधे की अनियंत्रित कटाई रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखें। 5

**<u>अथवा</u>**

चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें।

४९) दर्दनाशक तेल का विज्ञापन लगभग ५० शब्दों में तैयार करें।   ५

**अथवा**

हर्बल टूथपेस्ट के लिए एक ५० शब्दों में विज्ञापन तैयार करें।